श्री बंशीधर नगर, शनिवार
13.12.2025
पौष कृष्णपक्ष नवमी संवत 2082
वर्ष : 04, अंक : 113

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:25 बजे
अस्त - 05:09 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 25 डिग्री से.
न्यूनतम : 10 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

गढ़वा जिला भाजपा मंडल कमेटी घोषित >> पेज 03 'धुरंधर' ने जीता अल्लू अर्जुन का दिल, अभिनेता ने की प्रशंसा >> पेज 05

## सुविचार

रोओ मत क्योंकि यह खत्म हो गया है। मुस्कुराओ क्योंकि यह हुआ।

## न्यूज अपडेट्स

### अवैध माईका गोदामों में छापेमारी में 400 टन माईका जब्त

**गिरिडीह।** जिले के तिसरी थाना इलाके में शुक्रवार को माइका के अवैध खनन और भंडारण को लेकर एक बार फिर जिला प्रशासन ने छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान खोरीमहुआ एसडीएम अनिमेष रंजन के नेतृत्व में तिसरी सीओ अखिलेश प्रसाद, थाना प्रभारी रंजय कुमार सहित पुलिस बल की टीम ने तिसरी के गम्हरियाटांड़ स्थित चार अवैध माइका गोदामों में छापेमारी कर लगभग 400 टन अवैध माइका सहित संबंधित उपकरण जब्त किया गया है। इस बाबत एसडीएम अनिमेष रंजन ने कहा कि अवैध उत्खनन को लेकर विभिन्न जगहों पर प्रशासन की ओर से छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि छापेमारी में एक गोदाम से लगभग 200 टन माइका और दो अन्य गोदामों से 70 से 80 टन माइका जब्त किया गया है। एसडीएम ने बताया कि संबंधित कारोबारियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन और भंडारण के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

**विधानसभा** कोयला व कफ सीरप मामले में ईडी की छापेमारी खत्म

# कई दस्तावेज जब्त

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कोयला और जानलेवा कफ सीरप से जुड़े लोगों के ठिकानों पर शुक्रवार को सुबह से शुरू हुई छापेमारी खत्म हो गयी। सूत्रों के अनुसार छापेमारी के दौरान दोनों ही मामलों से जुड़े ठिकानों से मनी लॉन्ड्रिंग से संबंधित दस्तावेज जब्त किये गये हैं। छापेमारी के दौरान किसी ठिकाने से नकद राशि जब्त होने की सूचना नहीं है। जानलेवा कफ सीरप के मामले में ईडी ने उत्तर प्रदेश, गुजरात और झारखंड के कुल 25 ठिकानों पर छापा मारा। सभी ठिकाने लखनऊ, बनारस, जौनपुर, सहारनपुर, अहमदाबाद और रांची शहर में हैं। ईडी ने रांची में जानलेवा कफ सीरप के व्यापारी शैली ट्रेडर्स के टुपुदाना स्थित गोदाम, कार्यालय और आवास पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान सीरप की खरीद-बिक्री से संबंधित दस्तावेज जब्त किये गये। ईडी झारखंड की टीम ने कोयले के काले कारोबार में मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जांच के दौरान दूसरे दौर की छापेमारी धनबाद और कोलकाता में की। ईडी ने कोलकाता के गोदावरी कॉमोडिटिज और धनबाद के धनसार इंजीनियरिंग से जुड़े लोगों के ठिकानों पर भी छापा मारा। छापेमारी के दौरान मनी लॉन्ड्रिंग के सहारे धनबाद के चर्चित कोयला कारोबारी लाल बाबू सिंह को मदद पहुंचाने से संबंधित दस्तावेज जब्त किये गये हैं। ईडी ने पहले दौर की छापेमारी में लाल बाबू सिंह सहित अन्य को निशाना बनाया था। पहले दौर की छापेमारी में मिले दस्तावे




### कफ सीरप मामले में ईडी की झारखंड, गुजरात व उत्तर प्रदेश के 25 ठिकानों पर छापेमारी, रांची के शैली ट्रेडर्स में भी कार्रवाई

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जानलेवा कफ सीरप की खरीद-बिक्री से जुड़े 1000 करोड़ रुपये के अवैध कारोबार की जांच के तहत झारखंड, उत्तर प्रदेश और गुजरात के 25 ठिकानों पर छापेमारी की है। रांची के तुपुदाना स्थित शैली ट्रेडर्स में भी सुबह से ही ईडी की कार्रवाई जारी है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, लखनऊ, बनारस, जौनपुर, सहारनपुर, अहमदाबाद और रांची सहित कई शहरों में एक साथ छापेमारी की जा रही है। जांच के दायरे में कफ सीरप के अवैध व्यापार से जुड़े कारोबारी और चार्टर्ड अकाउंटेंट विष्णु अग्रवाल भी शामिल हैं। झारखंड की राजधानी रांची के तुपुदाना औद्योगिक क्षेत्र स्थित शैली ट्रेडर्स के संचालक भोला प्रसाद के प्रतिष्ठान और उनके फ्लैट में भी ईडी की टीम तलाशी ले रही है। भोला प्रसाद बनारस पुलिस में दर्ज एक प्राथमिकी में आरोपित हैं और अवैध कफ सीरप मामले के मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल के रिश्तेदार बताए जाते हैं।

जानकारी के अनुसार, शैली ट्रेडर्स का यह प्रतिष्ठान भोला प्रसाद ने भिलाई केमिकल के संचालक जगन्नाथ साहू से किराये पर लिया था। कुछ दिनों पहले बनारस पुलिस ने यहां छापेमारी की थी, लेकिन कफ सीरप की बरामदगी किसी अन्य स्थान से हुई थी। तुपुदाना ओपी में इस मामले में एक दिन पहले औषधि नियंत्रक शैल अंबष्ट के बयान पर भोला प्रसाद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई है। वहीं, भोला प्रसाद ने भी ऑनलाइन शिकायत देकर औषधि विभाग के अधिकारियों पर 20 लाख रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। ईडी की यह कार्रवाई पीएमएलए के तहत चल रही व्यापक जांच का हिस्सा है

## कोयला कारोबारियों के कई ठिकानों पर छापा

**धनबाद।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम धनबाद में कोयला कारोबार से जुड़े कई प्रमुख कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। ईडी ने धनसार स्थित कोयला आउटसोर्सिंग कंपनी डेको के संचालक मनोज अग्रवाल और कंपनी के निदेशक ए.एन. झा के आवास सहित कई ठिकानों पर दस्तावेजों और रिकॉर्ड की विस्तृत जांच शुरू की है। ईडी की टीम ने सुधीर चौटाला और इंद्रराज भदौरिया के ठिकानों पर भी तलाशी अभियान तेज कर दिया है। मनोज अग्रवाल न केवल डेको आउटसोर्सिंग कंपनी के संचालक हैं, बल्कि कोयला परिवहन कार्य से भी जुड़े हुए हैं। ईडी की यह कार्रवाई कोयला के अवैध कारोबार और उससे जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच का हिस्सा मानी जा रही है। उल्लेखनीय है कि 21 नवंबर को ईडी ने कोयला कारोबारी दीपक पोद्दार सहित कई अन्य कारोबारियों के आवास और कार्यालयों पर भी छापेमारी की थी। उस दौरान कोलकाता ईडी की टीम भी शामिल थी, जो पश्चिम बंगाल के ठिकानों पर कार्रवाई कर रही थी। उस छापेमारी में ईडी को कई करोड़ रुपये, महत्वपूर्ण दस्तावेज और चलअचल संपत्तियों के अहम सबूत मिले थे। जांच के दौरान ईडी को पता चला कि कोयला के अवैध कारोबार में इंद्रराज भदौरिया, सुधीर चौटाला और मनोज अग्रवाल की भी भूमिका है। इसके आधार पर एजेंसी ने इन कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई और तेज कर दी है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, इंद्रराज भदौरिया झारखंड और पश्चिम बंगाल के सबसे बड़े कोयला ट्रांसपोर्टरों में से एक माने जाते हैं। उनकी कंपनी दोनों राज्यों से देशभर की विभिन्न पावर कंपनियों तक कोयला सप्लाई करती है। भदौरिया के नेटवर्क में कई अन्य कोयला ट्रांसपोर्टर भी जुड़े हुए हैं।

## झारखंड में 15 दिसंबर से शुरू होगी धान की खरीद

### किसानों को मिलेंगे 2,450 रुपये प्रति क्विंटल

**रांची।** झारखंड की हेमंत सरकार ने खरीफ विपणन मौसम 2025-26 के तहत राज्य में धान अधिप्राप्ति कार्य 15 दिसंबर 2025 (सोमवार) से शुरू करने की घोषणा की है। राज्यभर में धान खरीद के लिए 783 अधिप्राप्ति केंद्र बनाए गए हैं। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने शुक्रवार को बताया कि इस वर्ष किसानों को धान बिक्री पर बोनस सहित प्रति क्विंटल 2,450 रुपये एकमुश्त भुगतान किया जाएगा। मंत्री इरफान अंसारी ने राज्य के सभी मंत्रियों, सांसदों और विधायकों से अपील की है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के चयनित धान अधिप्राप्ति केंद्रों (लैम्पस, पैक्स) आदि पर पहुंचकर धान अधिप्राप्ति कार्य का शुभारंभ करें। डॉ. अंसारी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों का यह दायित्व है कि वे किसानों का मनोबल बढ़ाएं। सरकार किसानों के प्रति गंभीर है, क्योंकि किसान समाज की रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों की भागीदारी से किसानों को भरोसा मिलेगा कि सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी है। मंत्री इफान अंसारी ने यह भी कहा कि किसानों को मजबूत बनाना सरकार की प्राथमिकता है और इसी सोच के तहत लगातार साहसिक निर्णय लिए जा रहे हैं। धान अधिप्राप्ति योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार तभी संभव है, जब जनप्रतिनिधि इसमें शामिल होकर किसानों को प्रोत्साहित करें।

## जनगणना के लिए बजट मंजूर

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार 11,718.24 करोड़ रुपये के बजटीय आवंटन के साथ जनगणना 2027 कराएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। इसके मुताबिक पहली बार जनगणना में जातिगत गणना भी शामिल होगी। इसे इलेक्ट्रॉनिक तरीके से किया जाएगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनगणना का कार्य दो चरणों में किया जाएगा- पहला चरण अप्रैल से सितंबर 2026 तक चलेगा, जबकि दूसरा चरण फरवरी 2027 में संपन्न होगा। पहली बार जनगणना में जातिगत गणना भी शामिल होगी। इसे इलेक्ट्रॉनिक तरीके से किया जाएगा। मोबाइल ऐप के माध्यम से डाटा इकट्ठा किया जाएगा और केंद्रीय पोर्टल के माध्यम से पूरी प्रक्रिया पर नजर रखी जाएगी। जनगणना को विभिन्न मंत्रालयों को विविध उद्देश्यों के लिए स्पष्ट, मशीन रीडेबल और एक्शनेबल फॉर्मेट में उपलब्ध भी कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनगणना 2027 का पहला चरण-हाउसलिस्टिंग एवं हाउसिंग जनगणना अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच चलाया जाएगा। दूसरा चरण, यानी जनसंख्या गणना फरवरी 2027 में होगा। हालांकि लद्दाख, जम्मू-कश्मीर के दुर्गम क्षेत्रों और हिमाचल एवं उत्तराखंड के बर्फीले इलाकों में यह चरण सितंबर 2026 में संचालित किया जाएगा। पूरे देश में इस विशाल अभियान को पूरा करने के लिए लगभग 30 लाख फील्ड कर्मियों की नियुक्ति की जाएगी, जिनमें शिक्षक, पर्यवेक्षक और विभिन्न स्तरों के अधिकारी शामिल होंगे।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत व अमित शाह ने सावरकर की प्रतिमा का किया अनावरण, कहा

# सावरकर का जीवन पूर्ण, अनुकरणीय व राष्ट्रभक्ति की जीवंत मिसाल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि वीर सावरकर आजादी की लड़ाई में जीवन समर्पित करने वाले देशभक्तों की आकाश गंगा में सबसे चमकते तारे हैं। उनका जीवन पूर्ण, अनुकरणीय और राष्ट्रभक्ति की जीवंत मिसाल है। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनकी कल्पना के भारत के निर्माण के लिए काम करना होगा। सावरकर जैसे सूर्य न बन पाएं तो भी दीपक अवश्य बनें। यही उनको सच्ची श्रद्धांजली होगी। भागवत ने आशा व्यक्त की कि 2047 तक समृद्ध भारत के निर्माण की शुरूआत इसी भावना से होगी। स्वातंत्र्यवीर सावरकर के गीत सागरा प्राण तळमळला के 115 वर्ष पूर्ण होने पर अंडमान और निकोबार के श्री विजयपुरम में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इससे पहले दिन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वीर सावरकर की भव्य आदमकद प्रतिमा का अनावरण और वीर सावरकर प्रेरणा पार्क का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मोहन भागवत ने कहा कि सावरकर के व्यक्तित्व की



व्याख्या करने के लिए अनेक विशेषणों की आवश्यकता पड़ती है, क्योंकि उनका जीवन उत्कट समर्पण, प्रेम, त्याग और अदम्य साहस का अनूठा संगम था। उनके इन्हीं गुणों के कारण वे तनमय अवस्था में पहुंच गए थे जहां अपना दुख भूलकर व्यक्ति देश और समाज के दुख से जुड़ जाता है। इसे ही भक्ति कहा जाता है। भागवत ने कहा कि सावरकर का स्मरण केवल इतिहास का पुनः आवाहन नहीं बल्कि सच्ची देशभक्ति को जगाने का माध्यम है। यदि हमें सावरकर के सपनों का भारत बनाना है, तो उनके समर्पण और अनुशासन को अपने जीवन में उतारना होगा। उन्होंने कहा कि सावरकर की इच्छाओं को पूरा करने का सामूहिक प्रयास पूरे राष्ट्र को करना चाहिए। आज की आवश्यकता गुलामी के कालखंड की तरह किसी (अंग्रेजों) के खिलाफ काम करने की नहीं बल्कि अपने राष्ट्र के लिए कार्य करने की है। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि वीर सावरकर त्याग, समर्पण, निर्भीक राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के आधार स्तंभ थे। आज आवश्यकता देश के लिए जीने की है, सावरकर के सपनों का भारत बनाने की है। शाह ने कहा कि सावरकर की महानता को किसी पुस्तक, कविता या फिल्म में पूरी तरह समेट पाना कठिन है, क्योंकि उनमें व्यक्तित्व, विचारधारा, कर्म, संघर्ष और सृजनशीलता का अद्वितीय संगम था। वे राइटर, फाइटर, देशभक्त, समाजसुधारक, कवि, भाषाशास्त्री और द्रष्टा थे। उन्होंने कहा कि हिन्दी में 600 से अधिक नए शब्दों का सृजन किया जैसे डायरेक्टर के स्थान पर निर्देशक। उन्होंने ही 1957 की क्रांति को प्रथम स्वतंत्रता संग्राम कहा। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की वैचारिक नींव सावरकर ने रखी। शाह ने कहा कि सच्ची वीरता भय की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि भय को पहचानकर उसे परास्त करने का साहस है, और सावरकर इसका सर्वोच्च उदाहरण थे। उन्होंने अस्पृश्यता, कुप्रथाओं और सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध निर्भीक संघर्ष किया। अत्याचार सहने के बाद भी भारत माता की प्रार्थना करने का जो साहस सावरकर में था, वह उन्हें असाधारण देशभक्त बनाता है। शाह ने जोर दिया कि आज देश के लिए मरने की नहीं, बल्कि देश के लिए जीने की आवश्यकता है, और सावरकर के सपनों का भारत उनके बताए मार्ग पर चलकर ही बनाया जा सकता है।




# इंटर फॉर्म से वंचित छात्रों का प्रदर्शन, सुधार के आश्वासन

**रांची।** राजधानी रांची के बेड़ो स्थित एसएस प्लस-टू उच्च विद्यालय में वर्ष 2026 की इंटर परीक्षा का फॉर्म भरने से 600 से अधिक छात्रों को वंचित किए जाने के खिलाफ शुक्रवार को छात्रों और अभिभावकों ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने विद्यालय का घेराव कर फॉर्म भरने की अनुमति देने और विद्यालय की जर्जर व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग की। विद्यालय प्रशासन के अनुसार कई छात्रों की उपस्थिति (अटेंडेंस) कम होने के कारण उन्हें फॉर्म भरने से रोका गया है। दूसरी ओर, छात्रों ने आरोप लगाया कि विद्यालय में नियमित कक्षाएं संचालित नहीं होतीं, शिक्षकों की भारी कमी है और भवन, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई, विज्ञान प्रयोगशाला और पुस्तकालय जैसी बुनियादी सुविधाएं वर्षों से बदहाल हैं। छात्रों का कहना है कि विद्यालय की अव्यवस्था की जिम्मेदारी उन पर डालना अनुचित है। आदिवासी छात्र संघ (डीएसपीएमयू) के अध्यक्ष विवेक तिर्की ने कहा कि खराब व्यवस्था की सजा बच्चों को देना अमानवीय है और अटेंडेंस के नाम पर दंड उचित नहीं है। प्रदर्शन के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) विद्यालय पहुंचे और छात्रों व अभिभावकों से संवाद किया। लगभग दो घंटे चली वार्ता के बाद डीईओ ने आश्वासन दिया कि इंटर परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ाई जाएगी, किसी भी छात्र को परीक्षा से वंचित नहीं किया जाएगा, विद्यालय भवन की मरम्मत जल्द शुरू की जाएगी और पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं को शीघ्र बहाल किया जाएगा प्रदर्शन के दौरान पंकज उरांव, वीएचपी बेड़ो प्रखंड अध्यक्ष शासी टाइगर, और झामुमो कार्यकर्ता मुन्ना बड़ाईक भी मौजूद थे।

## न्यूज अपडेट्स

### स्वास्थ्य शिविर कैंप में पाए गए 35 एनीमिया से पीड़ित

**रांची।** चुटिया स्थित कमलू तालाब परिसर में शुक्रवार को सीसीएल जन आरोग्य केंद्र, गांधीनगर की ओर से मुफ्त एनीमिया जांच शिविर लगाया गया। शिविर में कुल 181 लोगों की जांच की गई, जिसमें 35 लोग एनीमिया से पीड़ित पाए गए। सभी मरीजों को शिविर में मौजूद डॉक्टरों ने जरूरी इलाज और परामर्श दिया। शिविर में हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर और बीपी की भी जांच की गई। साथ ही लाभार्थियों को मुफ्त दवाइयां भी दी गईं। इस कैंप को सफल बनाने में डॉ प्रीति तिग्गा, डॉ अनिता होरो, डॉ दीपाली, डॉ आशिमा, डॉ शिल्पी झा, डॉ मेघा सहित पूरी पारा मेडिकल टीम का अहम योगदान रहा। सीसीएल जन आरोग्य केंद्र समय-समय पर ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर समाज के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराता रहा है।

### अपना इलाज करा कर आराम करें बाबूलाल : इरफान

**रांची।** मंत्री इरफान अंसारी ने नेता प्रतिपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि झारखंड की महागठबंधन की सरकार मजबूत है और हमारी सरकार किसी तरह की लापरवाही पर कार्रवाई भी करती है। साथ ही जरूरतमंदों को न्याय भी देती है। मंत्री ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बाबूलाल मरांडी अपना इलाज कराएं और आराम करें। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी हमेशा भ्रम, बंटवारा और राजनीतिक उथल-पुथल पैदा करने की राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि बाबूलाल की बातों से राज्य जनता अवगत है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी की काबीलियत का परिणाम था कि भाजपा ने उन्हें मुख्यमंत्री के पद से वंचित कर दिया था। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार ने झारखंड में अभूतपूर्व विकास का काम किया है।

**कृषि** झारखंड में मड़ुआ क्रांति शुरू

# 32,911 किसानों के खातों में पहुंची 15.63 करोड़ रु.

**रांची।** झारखंड में मोटे अनाज को प्रोत्साहन के लिए झारखंड मिलेट मिशन का नया नाम झारखंड मड़ुआ क्रांति रखने की घोषणा कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने रांची स्थित पशुपालन निदेशालय के सभागार में आयोजित लाभुक प्रोत्साहन राशि हस्तांतरण कार्यक्रम के दौरान की। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में मड़ुआ के प्रति बढ़ती रुचि और किसानों की स्वीकार्यता को देखते हुए यह बदलाव किसान हित में किया गया है।




कार्यक्रम में मंत्री ने राज्य के 32,911 किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से 15 करोड 63 लाख 24 हजार 900 रुपये की प्रोत्साहन राशि ऑनलाइन हस्तांतरित की। विभागीय आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024-25 में 18 हजार किसानों को मोटे अनाज की खेती पर प्रोत्साहन राशि का लाभ मिला था। मंत्री ने कहा कि अब लक्ष्य 60 हजार किसानों तक इस लाभ को पहुंचाने का लक्ष्य है। पहले जहां 20 हजार हेक्टेयर में मड़ुआ की खेती होती थी, वहीं आज यह बढ़कर एक लाख हेक्टेयर को पार कर चुका है।

उन्होंने कहा कि मड़ुआ की खेती में दूसरे फसलों की तुलना में मुनाफा अधिक है। मंत्री ने बताया कि धान अधिप्राप्ति केंद्र की तर्ज पर अब मड़ुआ अधिप्राप्ति केंद्र भी स्थापित किए जा रहे हैं। पहले चरण में गुमला, सिमडेगा और खूंटी जिलों को चिन्हित किया गया है। इन जिलों के 17 लैंप्स-पैक्स केंद्रों के माध्यम से किसानों से मड़ुआ की खरीद की जाएगी। आगामी एक सप्ताह में इस सुविधा के शुरू होने की उम्मीद जताई गई।

मंत्री ने बताया कि मड़ुआ का दर बाजार मूल्य के आधार पर तय किया जाएगा। विभाग मड़ुआ की प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित कर तैयार उत्पादों को अस्पताल, स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों तक पहुंचाने की योजना पर भी काम कर रहा है। मंत्री ने कहा कि बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि गलत आंकड़ा देने की शिकायतें मिली हैं। इसकी जांच कराई जा रही है और पुष्टि होने पर संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम में कृषि निदेशक भोर सिंह यादव, समिति के निदेशक विकास कुमार, उद्यान विभाग संयुक्त निदेशक शशि भूषण अग्रवाल, विभागीय अधिकारी तथा दुमका, रांची, खूंटी सहित अन्य जिलों के किसान मौजूद थे।

## रांची में 50 लाख के गहने की छिनतई का खुलासा, गहने जब्त

**रांची।** रांची जिले के सदर थाना क्षेत्र में हुए 50 लाख रुपये के गहने की छिनतई मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने खुलासा किया है कि इस वारदात को कुख्यात कोढ़ा गैंग ने अंजाम दिया था। पुलिस ने छापेमारी कर छिने गए सभी गहने बरामद कर लिए हैं। हालांकि अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। रांची पुलिस ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि बरामद किए गए सामान में



सोने के 2 पीस बिस्कुट (लगभग 200 ग्राम), सोने के 7 पीस सिक्के (लगभग 50 ग्राम), सोने की 15 पीस अंगूठी (लगभग 40 ग्राम), 16 जोड़ी सोने की बालियां (लगभग 30 ग्राम), 9 सोने की चेन (लगभग 60 ग्राम), 2 सोने के हार (लगभग 20 ग्राम), एक सोने की गिन्नी समेत अन्य दूसरी चीजें (लगभग 25 ग्राम) शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि बरामद सामान में 9 जोड़ी चांदी की पायल (लगभग 350 ग्राम), एक चांदी की चेन और लॉकेट (लगभग 25 ग्राम), 3 चांदी के सिक्के (लगभग 25 ग्राम) और एक जोड़ी चांदी की चूड़ियां (लगभग 50 ग्राम) शामिल हैं। कुल बरामद गहने सोना 425 ग्राम व चांदी 450 ग्राम है, जिनकी कीमत 55 से 60 लाख रुपये बताई जा रही है। रांची नगर पुलिस अधीक्षक (सिटी एसपी) पारस राणा ने बताया कि 8 दिसंबर को सदर थाना क्षेत्र के निवासी निलय प्रकाश अपनी पत्नी के साथ डीएवी बरियातु के पास स्थित बैंक ऑफ इंडिया शाखा से लॉकर में रखे गहने निकालकर घर लौट रहे थे। घर पहुंचते ही उनकी पत्नी गेट खोलने लगी, तभी बाइक सवार दो अपराधियों ने उनके कंधे पर लटका बैग झपट लिया और फरार हो गए।

24 जिलों के प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार शील्ड दिया गया

# राज्य स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता में रांची जिला बना विजेता

**रांची।** झारखंड राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकरण स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के तत्वावधान में शुक्रवार को रांची के अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत राज्य स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में रांची जिला ने विजेता का खिताब हासिल किया, जबकि लोहरदगा की टीम उप विजेता रही। विजेता टीम को 10 हजार और उप विजेता को पांच





हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। वहीं सभी 24 जिलों के प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार शील्ड दिया गया। स अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकरण के निदेशक सह एसपीडी जेईपीसी शशि रंजन ने पोषणयुक्त आहार और पौष्टिक भोजन के नवाचार के साथ स्वादिष्ट भोजन आनंददायी तरीके से उपलब्ध कराये जाने के रसोइयाओं के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने मौके पर नवाचार, पौष्टिकता, खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता सफाई और मोटे अनाजों और स्वविकसित सुपोषण वाटिकाओं से स्वच्छ भोजन की उपलब्धता एवं स्वस्थ बच्चे स्वस्थ किशोर स्वस्थ राज्य और स्वस्थ देश की बात कही। विशेष कार्य पदाधिकारी मुकेश कुमार सिन्हा ने विस्तार से योजना के क्रियान्वयन की जानकारी दी' स्वागत संबोधन करते हुए डीएसई बादल राज ने एमडीएम में विद्यालय स्तर पर स्वयं विकसित वाटिका से आर्गेनिक शाक सब्जियों की उन्नत खेती और उसके नियमित उपयोग के सम्बन्ध में जानकारी प्रस्तुत की। निर्णायक मंडल में बाल संसद के मंत्री, गृह विज्ञान की शिक्षिका, स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञ, कृषि विभाग के अधिकारी और एनजीओ के प्रतिनिधि उपस्थित थे।उल्लेखिनीय है कि विगत वर्ष के राज्य स्तरीय कम्पटीशन का आयोजन हजारीबाग में हुआ था जहां रांची जिला ही स्टेट चैंपियन रहा था। कार्यक्रम आयोजन में क्षेत्र शिक्षा अधिकारी जूही रानी, विनोद कुमार तिवारी, सीमा कुमारी, अशोक प्रसाद सिंह, प्रीति मिश्रा, पम्मी सिन्हा, संजय पवार, आदित्य कुमार, प्रकाश उरांव, कुमार रोहित की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

### दीपू मिले बॉक्सिंग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष से



**रांची।** खेलो इंडिया महिला अस्मिता ईस्ट जोन की मेजबानी झारखंड की राजधानी में मिल सकती है। इस संदर्भ में झारखंड एमेच्योर स्पोर्ट्स किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय सिन्हा दीपू ने राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष अग्रवाल से शुक्रवार को दिल्ली स्थित किक बॉक्सिंग के मुख्यालय में मुलाकात की। मौके पर खेल से संबंधित बातों को विस्तृत रूप से रखा। दीपू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि प्रतियोगिता में 12 राज्यों के लगभग राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय 1000 महिला खिलाड़ियों के हिस्सा लेने की संभावना है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से किक बॉक्सिंग को झारखंड में और अधिक बढ़ावा मिलेगा। विजेता खिलाड़ियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेलने का अवसर प्राप्त होगा।

### सुदेश मिले चिराग से, झारखंड की राजनीति पर हुई चर्चा



**रांची।** नई दिल्ली में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान के कार्यालय में मुलाकात की। चिराग पासवान से हुई मुलाकात में बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर दोनों नेताओं ने एक दूसरे को बधाई दी। साथ ही मुलाकात के दौरान झारखंड के राजनीतिक स्थिति पर भी चर्चा हुई। इस मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष और गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी भी मौजूद थे। मौके पर चिराग पासवान ने चंद्रप्रकाश चौधरी को उनके गिरिडीह संसदीय क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना, किसानों को उचित मूल्य दिलाने और स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजार से जोड़ने के लिए अपने मंत्रालय के माध्यम से विशेष योजनाएं लागू करने का आश्वासन दिया।

### रांची एयरपोर्ट पर बम थ्रेट मॉक एक्सरसाइज, सुरक्षा की जांच



**रांची।** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट में शुक्रवार को बम विस्फोट के खतरे से निपटने की तैयारी को परखने के लिए एक मॉक ड्रिल की गयी। इस अभ्यास में एयरपोर्ट की सुरक्षा एजेंसियों और अन्य टीमों ने हिस्सा लिया। मॉक ड्रिल के तहत एयरपोर्ट अधिकारियों को धमकी दी गयी कि एयरपोर्ट में बम लगाया गया है। यह सूचना मिलते ही अधिकारी अलर्ट मोड में आ गये। सुरक्षा टीमों ने तत्काल एक्टिव होकर पूरे क्षेत्र की जांच पड़ताल की। सुरक्षा टीमों ने यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की और बम की खोज के लिए जरूरी कदम उठाये। मॉक ड्रिल का उद्देश्य यह देखना था कि किस तरह सुरक्षा टीमें असली खतरे की स्थिति में कितनी तेजी और कुशलता से प्रतिक्रिया दे सकती हैं। मौके पर अधिकारियों ने कहा कि ड्रिल सफल रही। उन्होंने कहा कि इस ड्रिल से सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

### पारस अस्पताल ने आर्टरी ब्लॉकेज के मरीज की बचाई जान

**रांची।** पारस एचईसी हॉस्पिटल में डायबिटिक और हार्ट मरीज के मुख्य धमनी में 60-70 प्रतिशत ब्लॉकेज वाले व्यक्ति की जान बचाई गई है। रांची के कंसल्टेंट कार्डियोलॉजिस्ट डॉ कुंवर अभिषेक आर्य और उनकी टीम ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए मरीज की जान बचाने का दावा किया है। उन्होंने बताया कि मरीज को इमरजेंसी में गंभीर सांस फूलने, तेज छाती दर्द और लो ब्लड प्रेशर की स्थिति में हॉस्पिटल में लाया गया था। हालत बिगड़ने के कारण मरीज को तुरंत वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखते सीसीयू में शिफ्ट किया गया। हिस्ट्री में पता चला कि दो महीने पहले मरीज के तीनों कोरोनरी आर्टरी में स्टेंट लगाए गए थे। लेकिन हाल के एंजियोग्राफी में यह सामने आया कि उन स्टेंटों में से दो 99 प्रतिशत तक बंद हो चुके थे, तीसरा स्टेंट 40-50 प्रतिशत अवरुद्ध था। और हार्ट की मुख्य धमनी लेफ्ट मैन आर्टरी में 60-70 प्रतिशत ब्लॉकेज पाया गया। मरीज का जीवन बचाने के लिए तत्काल इंटरवेंशन ही एकमात्र विकल्प था।

# मंडल अध्यक्षों की घोषणा : लेस्लीगंज से प्रकाश मेहता, मेदिनीनगर दक्षिणी से सुनील तिवारी बने भाजपा मंडल अध्यक्ष



बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला भाजपा के विभिन्न मंडलों में पार्टी संगठन को मजबूत करने की दिशा में कई नये मंडल अध्यक्षों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों में पांकी से विश्वजीत सिंह, सगालीम से राकेश राम, लेस्लीगंज से प्रकाश मेहता, कुंदरी से काशीनाथ विश्वकर्मा, लोहरसी से रौशन सिंह, मनातू से अरविंद यादव, तरहसी से परमेश्वर साव, सतबरवा से संदीप कुमार, मेदिनीनगर ग्रामीण उत्तरी से सुनील तिवारी, मेदिनीनगर दक्षिणी शहर से श्रवन गुप्ता, मेदिनीनगर सदर पोलपोल से आनंद सिंह, बिश्रामपुर नगर से ज्वाला गुप्ता, उंटारी रोड से रघुवीर चंद्रवंशी, नावा बाजार से महादेव यादव, पड़वा से वशिष्ठ कुमार तथा हुसैनाबाद नगर से अजय गुप्ता का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया जिला चुनाव प्रभारी सुरेश साहू, सह चुनाव प्रभारी लवली गुप्ता, नरेंद्र पांडेय, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, जिला अध्यक्ष अमित तिवारी तथा पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता, विपिन बिहारी सिंह, प्रभात भुईयां, शिवकुमार मिश्र की उपस्थिति में संपन्न हुआ। पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने सभी नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में नये अध्यक्ष महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। साथ ही उन्होंने चुनाव प्रभारी एवं सह प्रभारियों को निष्पक्ष और सफल चुनाव संपन्न कराने के लिये धन्यवाद और शुभकामनाएं दीं। उस मौके पर पार्टी कई वरिष्ठ नेता एवं बड़ी संख्या में सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद थे।

## न्यूज अपडेट्स

### रंका हेल्थ सेंटर में स्वास्थ्य बीमा जागरूकता कार्यक्रम

**गढ़वा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गढ़वा के आदेश के तहत रंका हेल्थ सेंटर में स्वास्थ्य बीमा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिये कार्यक्रम आयोजित किया गया। तीन सदस्यीय टीम द्वारा लोगों को स्वास्थ्य बीमा करवाने के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। मौके पर पीएलवी राजेश चौधरी ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ती बीमारियों और दुर्घटनाओं को देखते हुये हर व्यक्ति को अपना स्वास्थ्य बीमा अवश्य कराना चाहिये, ताकि संकट की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा मिल सके। पीएलवी महेंद्र ठाकुर ने बताया कि अगर कोई गरीब परिवार स्वास्थ्य बीमा करवाता है तो बीमारी की स्थिति में चिकित्सा शुल्क तथा इलाज का संपूर्ण खर्च बीमा कंपनी द्वारा वहन किया जाता है। इससे गरीब परिवार आर्थिक बोझ से बच सकता है। पीएलवी अमरेंद्र ने लोगों समझाया कि बैंक के माध्यम से अपना हेल्थ इंश्योरेंस अवश्य कराएं। उन्होंने कहा कि जानकारी के अभाव में कई लोग सरकारी योजनाओं और बीमा लाभों से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने लोगों को एटीएम कार्ड बनवाने और बैंकिंग सुविधाओं का सही इस्तेमाल करने की भी सलाह दी। मौके पर डॉक्टर इस्तियाक अंसारी, सहिया दीदी और अस्पताल के कई कर्मी मौजूद थे।

## गढ़वा ▶ कार्यकर्ता संगठन के रीढ़ होते हैं : गणेश मिश्रा

# भाजपा मंडल कमेटी घोषित

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** भाजपा जिला कार्यालय शुक्रवार को जिले के सभी मंडल अध्यक्षों की घोषणा जिला चुनाव अधिकारी अमरदीप यादव, सह अधिकारी ओमप्रकाश केशरी एवं मधुलता कुमारी ने की। जिसमें 27 मंडल में 24 मंडल अध्यक्षों की घोषणा की गई। जबकि तीन मंडल बरडीहा, डंडा एवं श्री बंशीधर नगर मंडल की घोषणा नहीं की गई। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वंदे मातरम् गीत के साथ की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने की। मंडल चुनाव के दौरान मंडल अध्यक्ष के नामांकन की प्रक्रिया को पूरा किया गया। घोषणा के बाद नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष के द्वारा गाजे बाजे के साथ जुलुस निकाला गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री गणेश मिश्रा ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन के रीढ़ होते हैं। कार्यकताओं के बदौलत ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। उन्होंने कहा कि संगठन निर्माण में हर समाज की भागीदारी सुनिश्चित करना होगा।



### ये बने मंडल अध्यक्ष

मंडल अध्यक्ष बनने वाले में ललन बैठा को भंडरिया, बजरंग प्रसाद को बड़गड़, दीपक चौहान को मझिआंव ग्रामीण, दीपक चंद्रवंशी को मझिआंव नगर मंडल, शशि रंजन दुबे को कांडी, अशोक केशरी को मेराल उत्तरी, राजेश यादव को मेराल दक्षिणी, विकास तिवारी को गढ़वा ग्रामीण, धनंजय गोंड को नगर मंडल गढ़वा, परीक्षित तिवारी को गोवावल, राजकुमार विश्वकर्मा को रमकंडा, बसंत प्रसाद को रंका उत्तरी, बलराम यादव को रंका दक्षिणी, राजेश प्रसाद को चिनियां, विकास पाण्डेय को श्री बंशीधर ग्रामीण मंडल, भानू प्रताप साव को भवनाथपुर, बलजीत सोनी को रमना, संतोष सिंह को हरिहरपुर, उपेन्द्र दास को खरौंधी, कन्हाई प्रसाद को केतार, दिलीप यादव को सगमा, कृष्णा विश्वकर्मा को विशुनपुरा, श्रवण चंद्रवंशी को डंडई, मंगल यादव को धुरकी का मंडल अध्यक्ष घोषित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री संतोष दुबे ने किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी, डॉ पतंजलि केशरी, राजीव रंजन तिवारी, लक्ष्मण राम, शैलेश चौबे, रामशीष तिवारी, उमेश कश्यप रितेश चौबे, मुरारी यादव, टिंकु गुप्ता, विभूति भूषण चौबे, अभिषेक कश्यप, रामलला दुबे, जितेन्द्र चंद्रवंशी सहित कई भाजपाई मौजूद थे।

## रांची-लखनऊ नई ट्रेन जल्द, राजधानी एक्सप्रेस अब हर दिन चलेगी : सांसद

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** झारखंडवासियों के लिए रेल यात्रा से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। रांची से लखनऊ के बीच एक नई ट्रेन चलाने की तैयारी पूरी हो गई है, जो पलामू होकर अयोध्या के रास्ते लखनऊ तक जायेगी। इसके साथ ही रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस अब प्रतिदिन चलेगी, जिससे यात्रियों को काफी सुविधा होगी। रेल



मंत्री अश्विनी वैष्णव से झारखंड के सांसदों की मुलाकात के बाद यह सहमति बनी है। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पलामू के सांसद विष्णुदयाल राम ने किया। उनके साथ जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, हजारीबाग के मनीष जायसवाल और चतरा के सांसद कालीचरण सिंह मौजूद थे। बैठक में रेल मंत्री ने न केवल रांची-लखनऊ नई ट्रेन की मांग पर सहमति दी, बल्कि राजधानी एक्सप्रेस के फेरे बढ़ाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की। अब राजधानी एक्सप्रेस सप्ताह में तीन दिन लोहरदगा-पलामू मार्ग से और चार दिन हजारीबाग-कोडरमा मार्ग से नई दिल्ली तक चलेगी। कोहरे के कारण रद्द की गई झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस को फिर से चालू करने की सहमति रेल मंत्री ने दे दी है। यह ट्रेन पलामू क्षेत्र के लिये ह्यलाईफ लाईनह्ण मानी जाती है, जिसकी वापसी से क्षेत्र के यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। सांसद विष्णुदयाल राम ने मुलाकात में मिले आश्वासन और सहमति की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि झारखंड के यात्रियों की सुविधा के लिये रेल मंत्री ने सकारात्मक रुख दिखाया है। रांची-लखनऊ के बीच नई ट्रेन की लंबे समय से चली आ रही मांग अब पूरी होने जा रही है। अगले कुछ महीनों में नई ट्रेन का परिचालन शुरू होने की उम्मीद है।

## आलोक चौरसिया ने विस में उठाया भंडरिया में कोयला खनन का मामला



**मेदिनीनगर :** विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान क्षेत्र की समस्याओं को मजबूती से सदन में उठाया। विशेष रूप से उन्होंने भंडरिया प्रखंड के तिहारो, हरता और बिचका कुरुण गांवों में मौजूद कोयला भंडार के मुद्दे पर ध्यान आकृष्ट कराया। विधायक ने कहा कि इन इलाकों में कोयले का विशाल भंडार होने के बावजूद इसका सर्वे एवं खनन कार्य शुरू नहीं हो पाया है, जिसके कारण स्थानीय युवाओं को रोजगार और क्षेत्र को आर्थिक विकास का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि इन गांवों में तत्काल सर्वे कराकर खनन प्रक्रिया शुरू की जाय, ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार, क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधि और आर्थिक प्रगति का नया द्वार खुल सके। इसी के साथ विधायक ने इन गांवों में अब तक सड़क जैसी मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं होने के मुद्दे को भी सदन में रखा। उन्होंने कहा कि सड़क का अभाव लोगों के दैनिक जीवन, शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार सभी पर गंभीर प्रभाव डालता है। अतः सरकार को प्राथमिकता के आधार पर इन क्षेत्रों में सड़क निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू कराना चाहिये। श्री चौरसिया ने कहा कि इन दोनों मुद्दों, खनिज संपदा के उपयोग और सड़क निर्माण, का समाधान हो जाने से भंडरिया प्रखंड और आसपास के इलाकों के विकास को गति मिलेगी तथा रोजगार के नये अवसर उत्पन्न होंगे।

## चैनपुर की निर्विरोध प्रमुख बनीं प्रभा



**मेदिनीनगर :** चैनपुर प्रखंड की मझिगांवा की पंसस प्रभा देवी शुक्रवार को निर्विरोध प्रमुख पद के लिये चुनी गयीं। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निवार्ची पदाधिकारी सह सदर एसडीओ सुलोचना मीणा, प्रशिक्षु आईएएस हिमांशु लाल की देखरेख में प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में चुनाव संपन्न हुआ। उल?लेखनीय है कि चैनपुर में करीब पांच माह पहले प्रमुख के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव के बाद से ही पंसस के प्रमुख पद पर चुनाव कराने की तैयारी चल रही थी। वहीं सुबह 10 बजे चुनाव प्रक्रिया शुरू की गयी। चुनाव में कुल 31 में 30 पंचायत समिति सदस्यों ने हिस्सा लिया। प्रमुख पद के लिये मात्र प्रभा देवी ने ही नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया, जिसे जांच के बाद सही पाया गया। इसके बाद विधिवत उनके निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा कर दी गई। निर्वाचन के बाद उन्हें प्रमाण पत्र देकर पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। जीत के बाद उनके समर्थकों ने उन्हें फूल माला पहनाकर और गुलाल लगाकर खुशी प्रकट की।

**योजनाओं को धरातल पर उतारना प्राथमिकता : प्रमुख**

नव निर्वाचित प्रमुख प्रभा देवी ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतरना ही उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि पंचायत समिति सदस्यों से आपसी समन्वय स्थापित कर प्रखंड में विकास को गति प्रदान करना भी उनके मुख्य कार्यों में शामिल रहेगा। मौके पर सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ प्रदीप कुमार दास, उप प्रमुख सुनील सिंह, पंचायत समिति सदस्य मुरारी सिंह, नीतू सिंह, सुमन कुमारी, चंचला कुमारी, शुकुल रवि सहित 24 सदस्य और कई प्रशासनिक मौजूद थे।

## ड्रोन कैमरे से अफीम की खेती चिन्हित कर पांच एकड़ का फसल नष्ट

**मेदिनीनगर :** पलामू के मनातू थाना क्षेत्र के अपटी गांव के जंगली क्षेत्र में वन विभाग एवं थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को अवैध अफीम उन्मूलन अभियान चलाया। अभियान के दौरान ड्रोन कैमरे की सहायता से वन भूमि पर की जा रही अवैध अफीम की खेती के सटीक स्थान चिन्हित किये गये। ड्रोन की ओर से लोकेशन प्राप्त होने के बाद संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और लगभग पांच एकड़ वन भूमि पर फैली अवैध अफीम की फसल को प्रारंभिक कार्रवाई के रूप में ट्रैक्टर चलवाकर पूर्णतः नष्ट किया गया। अवैध खेती में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान की प्रक्रिया जारी है। संदिग्ध लोगों के नाम-पता सत्यापन के बाद वन विभाग की ओर से वन वाद अधिनियम और अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत कानूनी कार्रवाई की जायेगी। एसपी रिष्मा रमेशन ने कहा कि इस प्रकार की अवैध खेती के विरुद्ध पुलिस और वन विभाग की ओर से आगे भी लगातार विशेष अभियान चलाये जाते रहेंगे।

## गढ़वा पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# 53 खोये मोबाईल फोन बरामद

### असली मालिकों को लौटाये

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** जिले में पुलिस ने एक महत्वपूर्ण पहल के तहत 53 खोये हुये मोबाईल फोन को बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया है। यह कार्रवाई भारत सरकार के दूरसंचार विभाग की सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर (उएक्क) पोर्टल के सहयोग से की गई, जो चोरी या खोये हुये मोबाईल को ट्रैक करने में मददगार साबित हो रही है। समाहरणालय स्थित एसपी कार्यालय के सभागार में आयोजित एक समारोह में जिले के सभी थाना और ओपी क्षेत्रों से एकत्रित 53 मोबाईल फोन उनके असली धारकों को एसपी की ओर से सुपुर्द किये गये। उस मौके पर एसपी ने नागरिकों को जागरूक किया और बताया कि उएक्क पोर्टल के माध्यम से ऐसी कार्रवाइयां तेजी से हो



रही हैं। आपको बता दें इस वर्ष गढ़वा पुलिस ने कुल 113 मोबाईल फोन बरामद किये हैं, जिनमें से 60 फोन पहले ही थाना और ओपी स्तर पर मालिकों को लौटा दिये गये थे। शेष 53 फोन आज औपचारिक रूप से वितरित किये गये। यह उपलब्धि न केवल पुलिस की सतर्कता को दशार्ती है, बल्कि डिजिटल इंडिया अभियान के तहत सरकार की तकनीकी पहलों की सफलता का भी प्रमाण है। गढ़वा पुलिस ने सभी नागरिकों से अपील की है कि यदि उनका मोबाइल खो जाए या चोरी हो जाए, तो तत्काल नजदीकी थाने में सूचना दें। साथ ही वे स्वयं उएक्क प ा े ट ं ल ा (https://ceir.gov.in) पर जाकर फोन को ब्लॉक करने का आवेदन करें और ट्रैकिंग के लिए आवश्यक विवरण दर्ज कराएं। इससे न केवल फोन की वापसी संभव हो जाती है, बल्कि साइबर अपराधों को भी रोका जा सकता है। यह पहल गढ़वा जिले में मोबाईल चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। पुलिस का कहना है कि ऐसी कार्रवाईयों से अपराधियों का मनोबल टूटेगा और आम जनता का विश्वास बढ़ेगा।

# सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज दिवस पर बच्चों और बुजुर्गों के लिये स्वास्थ्य जांच शिविर



**गढ़वा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के आदेश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गढ़वा परिसर में सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज दिवस के अवसर पर जागरूकता एवं स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बच्चों और बुजुर्गों की जांच की गई तथा बीमा कवरेज की जानकारी दी गई। गरीब और असहाय मरीजों को किडनी, लीवर, हृदय रोग समेत कई गंभीर बीमारियों में मुफ्त कैशलेस उपचार की सुविधा के बारे में बताया गया, ताकि आर्थिक तंगी के बावजूद वे इलाज करा सकें। स्वास्थ्य केंद्र में रोगियों की शुगर, बीपी सहित अन्य बीमारियों की जांच के साथ दवाओं का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में एलडीसीएस चीफ प्रविंद साहू ने गरीबों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने तथा सभी विभागों के बीच समन्वय बनाये रखने पर जोर दिया। सीएस डॉ जॉन एफ कैनेडी ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता मानव जीवन की रक्षा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था उपलब्ध कराई है और समाज को विकसित बनाने के लिये सभी का सहयोग जरूरी है। डॉ विशाल ने सांप काटने की स्थिति में झाड़ फूंक से बचने, घाव की सफाई करने और तुरंत अस्पताल में उपचार कराने की आवश्यकता पर जोर दिया। पीएलवी मुरली श्याम तिवारी ने सीएचसी, एएनएम, जीएनएम और सहिया के कार्यों की सराहना करते हुये आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपये तक निःशुल्क उपचार, मिशन इंद्रधनुष, प्रजनन स्वास्थ्य, नवजात एवं किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। पीएलवी कृष्णानंद दुबे ने कहा कि स्वास्थ्य संबंधी अधिकारों और सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही कार्यक्रम का उद्देश्य है। पीएलवी अरविंद तिवारी ने प्रत्येक प्रखंड में आयुष्मान कार्ड बनवाने और दिव्यांगता शिविर लगाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन सिद्धि उपाध्याय ने किया। मौके पर पीएलवी उमाशंकर द्विवेदी, संगीता सिन्हा, यशवंत मिश्रा, पिंकी कुमारी, राकेश कुमार, जितेंद्र राम, रविंद्र पाठक, तृप्ता भानु, उदय कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### डीसी ने मंगलवार व शुक्रवार को नियमित जनसुनवाई की घोषणा की

**गढ़वा :** जिले में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार अभियान के सफल समापन के बाद जिला प्रशासन ने नियमित जनसुनवाई और थाना/प्रखंड दिवस कार्यक्रमों को पुनः शुरू करने की घोषणा की है। अभियान के संचालन के दौरान इन कार्यक्रमों को अस्थायी रूप से स्थगित किया गया था। डीसी दिनेश यादव ने बताया कि अब जिले के सभी प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों में हर मंगलवार और शुक्रवार को पूर्ववत जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा। साथ ही थाना/प्रखंड दिवस भी निर्धारित समयानुसार पहले की तरह नियमित रूप से संचालित होंगे। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित तिथि व समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान को सुनिश्चित करें। जिला प्रशासन ने उम्मीद जताई है कि इन कार्यक्रमों के नियमित संचालन से नागरिकों की समस्याओं का समाधान अब और अधिक समयबद्ध तरीके से हो सकेगा, जिससे जनहित से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता और संवेदनशीलता और बढ़ेगी।

## गढ़वा

### ठाकुर ने कल्पना सोरेन को सौंपा मांग पत्र, कहा

# अनाथ बच्चों को 18 साल तक मिले वित्तीय सहायता

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने झारखंड में अनाथ बच्चों को 18 साल की उम्र तक वित्तीय सहायता देने की मांग की है। इस संबंध में श्री ठाकुर ने गांडेय विधायक व विधानसभा के महिला एवं बाल विकास समिति अध्यक्ष कल्पना सोरेन को मांग पत्र सौंपा है। सौंपे गये मांग पत्र में श्री ठाकुर ने कहा है कि झारखंड के अनाथ बच्चों को पर्याप्त रूप से वित्तीय सहायता उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। केंद्र सरकार की ओर से चलायी जा रही अनाथ बच्चों की स्पॉन्सरशिप स्कीम मिशन वात्सल्य योजना का लाभ राज्य के सभी बच्चों को नहीं मिल पा रहा है और न ही भविष्य में लाभ मिल पाने की उम्मीद नजर आ रही है। आवेदन में कहा गया है कि पूरे राज्य में करीब 45 हजार अनाथ बच्चे हैं। इनमें मात्र आठ हजार बच्चों को ही इसका लाभ मिल रहा है। जबकि गढ़वा जिले में करीब 900 बच्चे हैं। इनमें केवल 65 बच्चों को इसका लाभ मिल रहा है। श्री ठाकुर ने बताया कि वर्तमान मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत अनाथ बच्चों को सरकार की ओर से चार हजार रुपए प्रतिमाह की सहायता राशि केवल तीन वर्षों के लिये दी जाती है। इसे आगे जारी रखने के लिये उनका पुनर मूल्यांकन किया जाता है, जो कि समय से नहीं हो पाता है। ज्यादातर बच्चों की सहायता राशि बंद हो जाती है। गढ़वा जिले में 85 से घटकर संख्या 65 हो गई है। आवेदन में श्री ठाकुर ने कहा है कि यदि यह योजना झारखंड सरकार द्वारा अपने निधि से ली जाती है तो ऐसे अनाथ बालकों को तीन वर्ष के स्थान पर 18 वर्ष पूर्ण होने तक तथा अनाथ बालिकाओं के मामले में उनका विवाह होने तक अथवा 21 वर्ष तक लगातार चार हजार रुपए प्रतिमाह सहायता राशि दी जा सकेगी। जिसका प्रतिमाह पूरे झारखंड राज्य में 12 से 15 करोड़ तथा वार्षिक बजट करीब 180 करोड़ रुपये का होगा। उन्होंने कहा है कि अनाथ बच्चे सबसे जरूरतमंद तथा वॉइसलेस सेक्शन में आते हैं। इसलिये पूरे झारखंड राज्य के अनाथ बच्चों की वित्तीय सहायता के लिये झारखंड सरकार की सर्वजन योजना में इस अनाथ स्पॉन्सरशिप स्कीम को अपने राज्य निधि से आच्छादित करवाने का आग्रह किया है।

## शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई शिक्षक पदस्थापन प्रक्रिया

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में सहायक आचार्य (वर्ग 1 से 5) के शिक्षकों की पदस्थापन प्रक्रिया का आयोजन किया गया। यह प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शिता और मेरिट के आधार पर संपन्न हुई। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार क्रम संख्या 1 से 116 तक के अभ्यर्थियों को मेरिट सूची के क्रम में आमंत्रित किया गया। पदस्थापन के लिये उपलब्ध विद्यालयों का चयन अभ्यर्थियों द्वारा डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा एवं डीएसई अनुराग मिंज की उपस्थिति में किया गया। विद्यालय चयन प्रक्रिया शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई, जिसमें सभी अभ्यर्थियों को मेरिट क्रम के अनुसार विद्यालय चयन का अवसर प्रदान किया गया। जिन अभ्यर्थियों का क्रम संख्या 117 से 219 है, उन्हें 13 दिसंबर 2025 को समाहरणालय सभागार में उपस्थित होकर पदस्थापन प्रक्रिया में भाग लेने के लिये आमंत्रित किया गया है। जिला प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि सम्पूर्ण पदस्थापन प्रक्रिया न्यायसंगत, पारदर्शी और नियमों के अनुरूप पूरी की जायेगी।

## बीईईओ ने सभी कोटि के हेडमास्टरों के साथ की बैठक, दिया निर्देश

# यू डायस स्टूडेंट्स प्रोग्रेशन व ड्रॉप बॉक्स का कार्य पूर्ण करें

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** बीईईओ विजय पांडेय ने शुक्रवार को प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में सभी उच्च विद्यालय, उत्क्रमित उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय व नव प्राथमिक विद्यालय के हेडमास्टरों के साथ बैठक कर विभागीय कार्यों की समीक्षा की तथा कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालय के हेडमास्टर यू डायस स्टूडेंट्स प्रोग्रेशन और ड्रॉप बॉक्स का कार्य पूर्ण करें। बीईईओ ने कहा कि सभी हेडमास्टर डहर एप में हैबिटेशन मैपिंग का इंट्री गूगल पर कार्य को निर्धारित समय पर पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि अपार आईडी, विद्यालय प्रबंधन समिति का प्रशिक्षण, एक पेड़ विद्यालय का नाम, बच्चों व शिक्षकों का ई विद्या वाहिनी में उपस्थिति निश्चित रूप से दर्ज करें। बीईईओ ने कहा कि रेल परीक्षा का उपस्थिति व परीक्षा फल परिणाम को भी अपलोड करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी हेडमास्टर सभी विभागीय निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। बीआरपी श्रीकांत चौबे ने टोला टैगिंग, हाउस निर्माण, पाठ टीका, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने तथा बच्चों के शैक्षणिक स्तर में सुधार करने का निर्देश दिया। बीपीओ वीरेन्द्र प्रसाद ने कैश बुक अद्यतन, जे-गुरुजी एप, एमडीएम मैसेज करने का निर्देश दिया। उन्होंने डहर एप के माध्यम से शिशु पंजी तैयार करने की जानकारी विस्तार से दी। कहा कि सर्वे कार्य में किसी तरह की परेशानी होने पर बीआरसी से सम्पर्क करें ताकि समस्याओं का समाधान तत्काल किया जा सके। बैठक में लेखापाल प्रदीप शुक्ला, बीआरपी प्रकाश कुमार सिंह, सीआरपी प्रशांत कुमार देव, शोभा पांडेय, शक्तिदास सिन्हा, सुबोध कुमार, प्रधानाध्यापक अखिलेश प्रसाद, घनश्याम शुक्ला, रमेश प्रसाद, निर्मल कुमार, प्रदीप कुमार, सजंय कुमार, तस्लीमा खातून, पम्पा साह, मीरा कुमारी, संध्या कुमारी, कुमारी नीलम पांडेय, अनुप कुमार विश्वकर्मा, मदन राम, मुनेश्वर मेहता, विनोद ठाकुर, अरविंद ठाकुर, ज्ञान प्रकाश, अलीम अंसारी, पवन तिवारी सहित सभी हेडमास्टर मौजूद थे।

## स्कूलों में सहायक आचार्यों ने दिया योगदान, स्वागत



**विश्रामपुर :** पदस्थापन की सूची जारी होते ही शुक्रवार को पलामू जिले के विश्रामपुर पांडू, नावा बाजार व उंटारी रोड प्रखंड के विभिन्न स्कूलों में नवनियुक्त सहायक अध्यापकों ने योगदान देकर अपना कार्य शुरू कर दिया है। विद्यालय प्रबंधन की ओर से योगदान कर रहे शिक्षकों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया जा रहा है। उंटारी के नवगढ मध्य विद्यालय में भाषा के शिक्षक यूसुफ आजाद, भदुमा मध्य विद्यायल में बीरेन्द्र कुमार मेहता, नावा बाजार के मल्लाह टोली स्थित विद्यालय के अनुज कुमार द्विवेदी ने योगदान देकर कार्य शुरू किया है। भदुमा मिडिल स्कूल के हेडमास्टर योगेंद्र चौधरी, नवगढ के हेडमास्टर के कृष्णा राम व राजेश मिश्रा जबकि मल्लाह टोली में वहां के हेडमास्टर दामोदर चौधरी व मुखिया कमला देवी ने सभी नवनियुक्त शिक्षकों को पुष्पगुच्छ देकर अपने अपने विद्यालयों में स्वागत किया।

## रघुवीर सिंह चंद्रवंशी बने भाजपा के मंडल अध्यक्ष



**उंटारी रोड :** भाजपा कार्यालय में शुक्रवार को जिला चुनाव प्रभारी की उपस्थिति में भाजपा कार्यकताओं की हुई बैठक में रघुवीर सिंह चंद्रवंशी को सर्वसम्मति से मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया गया। भाजपा नेता मनोज कुमार सिंह ने बताया कि पार्टी निर्देशों के अनुसार मंडल अध्यक्ष के चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकताओं की हुई बैठक में सर्वसम्मति से रघुवीर सिंह चंद्रवंशी को मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। साथ ही उन्हें जल्द ही प्रखंड कमेटी का विस्तार करने का निर्देश दिया गया है। मौके पर भाजपा के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। उधर रघुवीर सिंह चंद्रवंशी को मंडल अध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर पार्टी कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुये उन्हें बधाई दी। साथ ही जिला व प्रदेश के नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## ऊर्जा मुनि फाउंडेशन की ओर से 45 बच्चों में गर्म कपड़ा, बिस्किट वितरित



**रमना :** ऊर्जा मुनि फाउंडेशन की ओर से शुक्रवार को आंगनबाड़ी केंद्र मूर्ति टोला बगौंधा के प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित कर 45 बच्चों के बीच गर्म कपड़ों के साथ बिस्किट और टॉफी का वितरण किया गया।इस अवसर पर ऊर्जा स्रोत के प्रबंधक आदित्य राठौर ने कहा कि कंपनी की ओर से पूरे देश भर में सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है, जिसके तहत आज बच्चो के बीच ठंढ को देखते हुये गर्म कपड़ों का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी कंपनी बिजली के बचत को लेकर ऊर्जा स्रोत के तहत पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के तहत सोलर सिस्टम लगाने का काम करती है। वहीं मुकेश चौहान ने कहा कि उनकी कंपनी गुजरात से चलकर पूरे भारत में ऊर्जा के लिय कार्य कर रही है। मौके पर आंगनबाड़ी सेविका मालती गुप्ता, एरिया प्रबंधक अमित कुमार, शुभम कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## पिता की पुण्यतिथि पर कम्बल वितरित

**रमना :** प्रखंड के भागोडीह गांव निवासी समाजसेवी अजय मेहता ने अपने दिवंगत पिता शिक्षक स्व बनारसी मेहता की पांचवीं पुण्यतिथि पर मानव सेवा का उदाहरण पेश करते हुये 151 गरीब, दिव्यांग, विधवा और असहाय लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया। अजय ने जरूरतमंदों के घर-घर जाकर कम्बल प्रदान किये और बताया कि वे पिछले पांच वर्षों से अपने पिता की पुण्यतिथि पर लगातार गरीब एवं असहाय लोगों की सेवा में समर्पित हैं। उन्होंने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा के लिये सक्षम लोगों को आगे आना चाहिये। मौके पर रामधारी राम, मंगरू मिस्त्री, कुलदीप मेहता, हरिहर मेहता, भोला चौधरी, प्रताप बियार, अजय पाल, बनौधी यादव, बल्केश्वर चौधरी समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।



## 'धुरंधर' ने जीता अल्लू अर्जुन का दिल, अभिनेता ने की प्रशंसा

बॉलीवुड की ताजा ब्लॉकबस्टर 'धुरंधर' इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर कहर बरपा रही है। दर्शक हो या इंडस्ट्री के बड़े सितारे हर तरफ रणवीर सिंह की दमदार परफॉर्मेंस की चर्चा है। इसी कड़ी में अब साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन भी शामिल हो गए हैं। अभिनेता ने सोशल मीडिया पर एक लंबा और सराहनापूर्ण पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने फिल्म की तारीफों के पुल बांध दिए। फिल्म 5 दिसंबर को रिलीज हुई थी और तब से लगातार शानदार प्रदर्शन कर रही है। अर्जुन ने एक्स पर लिखा, मैंने अभी 'धुरंधर' देखी। रणवीर ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा से धमाका कर दिया। अक्षय खन्ना की करिश्माई स्क्रीन प्रेजेंस और दमदार एक्ट ने फिल्म को और ऊंचाइयों पर पहुंचाया। संजय दत्त, आर माधवन, अर्जुन रामपाल और बाकी सभी कलाकार बेहतरीन रहे। सारा अर्जुन की मौजूदगी बेहद सुखद थी। पूरी टीम को ढेर सारी बधाई। और सबसे बड़ा सलाम जहाज के कप्तान प्रतिभाशाली फिल्ममेकर आदित्य धर को। आपने अपने स्वैग के साथ कमाल कर दिया! अल्लू अर्जुन ने आगे लोगों से फिल्म देखने की अपील करते हुए कहा, मुझे 'धुरंधर' बहुत पसंद आई! बस जाइए और शो का मजा लीजिए, दोस्तों! उनकी इस प्रतिक्रिया पर निर्देशक आदित्य धर ने आभार जताते हुए जवाब दिया, धन्यवाद अल्लू अर्जुन गारू। आपके उदार शब्द हमारी पूरी टीम के लिए बहुत मायने रखते हैं।

## धमाकेदार पोस्टर्स के साथ सामने आया 'राहु केतु' का कॉस्मिक अवतार



टीजर और इसके कैची गाने से दर्शकों में उत्सुकता बढ़ाने के बाद, जी स्टूडियोज और बीलाइव प्रोडक्शंस ने अपनी आगामी फिल्म 'राहु केतु' के बहुप्रतीक्षित पोस्टर्स आधिकारिक रूप से रिलीज कर दिए हैं। नए पोस्टर्स रंगों की चमक, ऊर्जा के उफान और एक बेबाक विजुअल टोन के साथ फिल्म की दुनिया को बड़े जीवंत अंदाज में पेश करते हैं। पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा और शालिनी पांडे इसमें अपने-अपने किरदारों में पहली बार नजर आ रहे हैं, और उनकी उपस्थिति कहानी के अनोखे टोन को साफ झलकाती है। पोस्टर्स में तीनों कलाकारों की पहली झलक सामने आते ही फिल्म का टोन साफ हो जाता है। पुलकित सम्राट अपने कॉन्फिडेंट और एनर्जेटिक लुक में नजर आ रहे हैं, वरुण शर्मा अपनी नैचुरल अनप्रेडिक्टेबिलिटी और कॉमिक टाइमिंग से ध्यान खींचते हैं, जबकि शालिनी पांडे अपनी फ्रेश और सादगीभरी मौजूदगी से पोस्टर को एक अलग ही चमक देती हैं। यह तिकड़ी मिलकर एक ऐसे कॉस्मिक एडवेंचर का संकेत देती है जहां हर कदम पर अप्रत्याशित मोड़ छिपे हैं, जहां प्लान लड़खड़ाते हैं, हालात अचानक करवट लेते हैं, और हर एक्शन एक नई, वाइल्ड चेन रिएक्शन को जन्म देता है। विपुल गर्ग के निर्देशन में बनी 'राहु केतु' एक ऐसे कॉस्मिक केपर का एहसास कराती है, जहाँ ग्रहों की चालें कहानी में उतार-चढ़ाव लाती हैं, किस्मतें आमने-सामने टकराती हैं और ब्रह्मांड की अनोखी शरारतें घटनाओं की दिशा बदल देती हैं। हल्के-फुल्के अराजकता और मजेदार परिस्थितियों से भरी यह फिल्म दर्शकों को लगातार बांधे रखती है और उन्हें एक ऊर्जावान, मनोरंजक सफर पर ले जाती है। जी स्टूडियोज और बीलाइव प्रोडक्शंस के संयुक्त प्रोडक्शन में बनी यह फिल्म अपने नए पोस्टर्स के साथ पहले ही सुर्खियों में है, और दर्शकों में इसे लेकर उत्साह तेजी से बढ़ रहा है। 'राहु केतु' 16 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ पहुंचे, मुख्यमंत्री ने किया स्वागत



# 26वें प्रदेश अधिवेशन का भूमि पूजन, तीन दिवसीय आयोजन 26-28 दि. को

बंशीधर न्यूज




**गढ़वा :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के झारखंड प्रांत के 26 वें प्रदेश अधिवेशन के सफल आयोजन को लेकर स्टेशन रोड स्थित श्री रामलला मंदिर परिसर स्थित अधिवेशन स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन किया गया। यह तीन दिवसीय अधिवेशन 26, 27 और 28 दिसंबर को आयोजित किया जायेगा, जिसमें प्रदेशभर से काफी संख्या में छात्र कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल होंगे। अधिवेशन में छात्र प्रतिनिधि शैक्षिक, सामाजिक और संगठनात्मक विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे। भूमि पूजन अभाविप के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ सत्यदेव पांडेय द्वारा किया गया, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद संयुक्त बिहार के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. केके मिश्रा उपस्थित थे। मौके पर डॉ केके मिश्रा ने कहा कि रामलला मंदिर जैसे पवित्र स्थल पर अधिवेशन की शुरूआत यह दशार्ती है कि संगठन केवल शैक्षिक और संगठनात्मक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक जड़ों से भी गहराई से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि यह अधिवेशन युवाओं के मन, विचार और ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने का मंच है और इससे निकलने वाले संकल्प छात्र समुदाय, समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। क्षेत्रीय संगठन मंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि गढ़वा में अधिवेशन का आयोजन संगठन के लिए गौरव की बात है और यह क्षेत्र के युवाओं को नेतृत्व के अवसर प्रदान करेगा। भूमि पूजन के बाद आयोजन स्थल की तैयारियों की समीक्षा भी की गई। मौके पर प्रदेश संगठन मंत्री नीलेश कटारे, डॉ उमेश सहाय, विजय केशरी, अलखनाथ पांडेय, मुकेश निरंजन सिंह, डॉ पतंजलि केषरी, राजन श्रीवास्तव, विकास स्वदेशी, बालमुकुंद दुबे, मंजुल शुक्ल, मुन्ना यादव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## फोर्थ ग्रेड बहाली में गड़बड़ी का आरोप, युवाओं का पलामू समाहरणालय गेट पर प्रदर्शन



**मेदिनीनगर :** पलामू में होने वाली फोर्थ ग्रेड बहाली में गड़बड़ी का आरोप लगाकर बड़ी संख्या में युवाओं ने शुक्रवार को समाहरणालय में प्रदर्शन किया। बाद में मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। इससे पहले काली मंदिर रेड़मा से रैली निकाली गयी। रेड़मा चौक से होते हुये कचहरी चौक से होकर छहमुहान और फिर समाहरणालय गेट पर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का समर्थन भीम आर्मी ने किया एवं छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताया। युवाओं की मांगों में नियुक्ति प्रक्रिया में हो रही गड़बड़ियों की तत्काल जांच, पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, निष्पक्ष एवं परीक्षा-आधारित एवं दोषी अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई आदि शामिल हैं। प्रदर्शन में आजाद समाज पार्टी के पूर्व विधायक प्रत्याशी अजय सिंह चेरो, प्रदेश प्रवक्ता राम कुमार रवि, भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला अध्यक्ष चंदू राम, संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में युवा शामिल हुये। मौके पर अजय सिंह चेरो ने कहा कि पलामू में फोर्थ ग्रेड बहाली प्रक्रिया में जिला प्रशासन की ओर कई गड़बड़ियां की जा रही हैं। नियुक्ति प्रक्रिया में न तो पारदर्शिता दिख रही है और न ही स्पष्टता। कुछ अधिकारी इस बहाली को अवसर बनाकर गैर-संवैधानिक गतिविधियों को भी अंजाम दे रहे हैं, जो अत्यंत निंदनीय है। राम कुमार ने कहा कि यह मामला छात्रों के भविष्य से जुड़ा हुआ है और पलामू में भीम आर्मी के रहते किसी भी छात्र का भविष्य खराब नहीं होने दिया जायेगा।

## विकास माली के नेतृत्व में गढ़वा थाना परिसर में चलाया गया सफाई अभियान



**गढ़वा :** स्वच्छ गढ़वा अभियान के तहत कन्या विवाह एवं विकास सोसाईटी ने गढ़वा शहर थाना परिसर की व्यापक सफाई कर एक मिसाल पेश की। समिति के सचिव विकास माली के नेतृत्व में सफाई कर्मचारियों ने सुबह से ही नालियों, ग्राउंड, सीढ़ियों और परिसर के अन्य हिस्सों की सफाई में जुटकर परिसर को साफ-सुथरा बनाया। मौके पर विकास माली ने कहा कि स्वच्छ वातावरण न केवल आम नागरिकों बल्कि पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य और कार्यक्षमता के लिये भी महत्वपूर्ण है। उनका यह भी कहना था कि स्वच्छता केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के हर व्यक्ति की सामूहिक जिम्मेदारी है। थाना प्रभारी और पुलिस कर्मियों ने इस पहल की सराहना की और समिति के सदस्यों को धन्यवाद दिया।

## यातायात चेक पोस्ट का शुभारंभ, आईजी ने एसपी के साथ किया उद्घाटन

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ और मजबूत करने के लिये छहमुहान, रेड़मा चौक के बाद बैरिया चौक पर यातायात चेक पोस्ट का शुक्रवार को शुभारंभ किया गया। आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने एसपी रीष्मा रमेशन, एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद, प्रशिक्षु डीएसपी शशिरंजन, सार्जेंट मेजर सुरेश राम, यातायात प्रभारी सतेन्द्र दुबे एवं अन्य पुलिसकर्मियों के साथ फीता काटकर और शिलापट्ट का अनावरण कर उदघाटन किया। बताते चलें कि बैरिया चौक पर पूर्व से यातायात चेक पोस्ट था, लेकिन उसकी स्थिति काफी जीर्ण शीर्ण अवस्था में थी। यहां ड्यूटी पर रहने वाले यातायात पुलिसकर्मियों को काफी असुविधा के बीच काम करना पड़ता था। इसे देखते हुये और व्यवस्थित तरीके से ट्रैफिक व्यवस्था देने के लिये यहां के चेकपोस्ट को ठीक किया गया। मौके पर आईजी ने कहा कि सुविधा युक्त चेक पोस्ट होने से यातायात व्यवस्था देखने वाले पुलिसकर्मियों को हर मौसम में कार्य करने में सुविधा होगी। साथ ही ड्यूटी करने में भी मन लगेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस का काम काफी भाग दौड़ भरा होता है। ऐसे में सुविधा होने से पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ेगा और बेहतर तरीके से काम हो सकेगा। उन्होंने यातायात संभालने वाले सभी पुलिसकर्मियों को नियमानुसार कार्य करने की सलाह दी। एसपी रिष्मा रमेशन ने भी यातायात प्रभारी एवं ट्रैफिक देखने वाले पुलिसकर्मियों को कई तरह के दिशा निर्देश दिये।

## आईजी और एसपी ने पुलिस ऑफिसर गेस्ट हाउस का किया उद्घाटन



**मेदिनीनगर :** आईजी शैलेन्द्र कुमार सिन्हा ने एसपी रीष्मा रमेशन के साथ मिलकर शुक्रवार को पुलिस लाईन में गेस्ट हाउस का फीता काटकर उदघाटन किया। पुलिस ऑफिसर गेस्ट हाउस में तीन कमरे, हॉल आदि बनाये गये हैं। कैंटीन की भी सुविधा जल्द शुरू हो जायेगी। उल्लेखनीय है कि पुलिस ऑफिसर गेस्ट हाउस पहले था, लेकिन वर्तमान समय के अनुसार उसका जीर्णोद्धार किया गया। पुलिस ऑफिसर गेस्ट हाउस का शुभारंभ करने के बाद आइजी ने कहा कि यह अच्छी सोच का परिचायक है। अब बाहर से आने वाले सीनियर पुलिसपदाधिकारियों को सर्किट हाउस में ठहरने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इसके लिये एसपी रीष्मा रमेशन बधाई के पात्र हैं। एसपी रिष्मा रमेशन ने कहा कि अक्सर निजी एवं विभागीय कार्य से पुलिस अधिकारियों का पलामू में आना जाना लगा रहता है। आईपीएस एवं डीएसपी प्रोविजनर भी ट्रेनिंग के लिये आते जाते रहते हैं। गेस्ट हाउस रहने से उन्हें सुविधा होगी। होटल या सर्किट हाउस पर निर्भरता नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि सार्जेंट मेजर के साथ मिलकर कैंटिन के लिये कमेटी बनायी जायेगी। इसके बाद इसकी शुरूआत कर दी जायेगी।

### डीसी दिनेश यादव की अध्यक्षता में जनसुनवाई, नागरिकों ने रखीं अपनी समस्याएं

# डीसी ने अधिकारियों को दिया विधि-सम्मत कार्रवाई का आदेश

बंशीधर न्यूज




**गढ़वा :** डीसी दिनेश यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये फरियादियों ने अपनी समस्याओं को सीधे प्रशासन के समक्ष रखा। कार्यक्रम में प्रमुख मुद्दों में राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, अतिक्रमण, योजनाओं का लाभ और रोजगार सृजन शामिल थे। डीसी ने सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुये संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई का निर्देश दिया। गढ़वा प्रखंड के संदीप कुमार सोनी ने दिव्यांग होने के नाते नगर परिषद क्षेत्र में दुकान आवंटन का आग्रह किया। डीसी ने नगर परिषद को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। धुरकी प्रखंड के ग्राम बीरबल निवासी विष्णुधारी लाल ने अपनी खतियानी भूमि पर जबरन कब्जे की शिकायत की। डीसी ने विधि-सम्मत कार्रवाई का आदेश दिया। चिनिया प्रखंड के ग्राम मसरा निवासी सविता कुमारी सहित ग्रामीणों ने 87 बच्चों के पोषाहार न मिलने की समस्या उठाई। डीसी ने बाल विकास परियोजना कार्यालय को चयन प्रक्रिया शीघ्र पूरा करने का आदेश दिया। वहीं भवनाथपुर प्रखंड के ग्राम सिंदुरिया निवासी संजू देवी ने दिव्यांग पेंशन में बैंक खाते स्थानांतरण की परेशानी बताई। जिस पर डीसी ने जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग को तत्काल पहल करने का निर्देश दिया। मौके पर डीसी श्री यादव ने कहा कि जनसुनवाई प्रशासन और जनता के बीच सीधे संवाद का मजबूत माध्यम है। इससे समस्याओं का त्वरित समाधान होता है और शासन में पारदर्शिता बढ़ती है। उन्होंने जिले में सभी प्रखंडों में प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को नियमित जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित करने की जानकारी दी, जिससे नागरिक अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के समक्ष रख सकें।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)